## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में नामांकन पत्र वापस लेने की अन्तिम तारीख आज। चौथे चरण के लिये जारी है परचा दाखिल करने की प्रक्रिया।
- दूसरे और तीसरे चरण के संसदीय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार तेज। राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं की हो रही रैलियां।
- समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती का पर्चा लीक कराने के मामले में एसटीएफ ने चार और आरोपियों को किया गिरफ्तार।
- नेट परीक्षा को लेकर यूजीसी ने किया बड़ा फैसला। चार साल की स्नातक डिग्री लेने वाले विद्यार्थी भी दे सकेंगे नेट परीक्षा, कर सकेंगे पीएचडी।

**********

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण के लिये भरे गये नामांकन पत्रों जांच पूरी होने के बाद प्रदेश की दस संसदीय सीटों के लिये एक सौ चार प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के मुताबिक इस चरण में कुल दाखिल एक सौ बयासी प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों में से अठहत्तर प्रत्याशियों के नामांकन पत्र निरस्त कर दिये गये हैं। तीसरे चरण के चुनाव में आज नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख है। इस चरण में प्रदेश की सम्भल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सिकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला संसदीय सीटों पर मतदान सात मई को होगा। इस बीच, प्रदेश में चौथे चरण की 13 संसदीय सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस चरण में अब तक 33 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जायेगी, 29 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में 13 लोकसभा सीटों शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में 13 मई को वोट डाले जायेंगे।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान सम्पन्न होने के बाद राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता अन्य चरणों के चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। इस दौरान दूसरे और तीसरे चरण के अर्न्तगत आने वाले संसदीय क्षेत्रों में चुनावी रैलियों का दौर बढ़ गया है। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कल अमरोहा और गाजियाबाद में जनसभा को सम्बोधित कर बसपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। मायावती ने कहा कि केंद्र में अब तक सत्ता में रही कांग्रेस, भाजपा और अन्य पार्टियों ने गरीब, मजदूर पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों की उपेक्षा की। उधर, गाजियाबाद में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता पुष्कर सिंह धामी ने व्यापारी सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के कारण लोगों का विश्वास भाजपा के साथ है। गाजियाबाद में कल भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। बागपत में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने छपरौली और बड़ौत विधानसभा क्षेत्र के गांव में रोड–शो किया।

**********

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। इसमें गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र भी शामिल है, जहां भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा, सपा–कांग्रेस गठबंधन के डॉक्टर महेन्द्र नागर एवं बसपा के राजेन्द्र सोलंकी सहित 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से–

***गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा, सपा–कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी डॉक्टर महेन्द्र नागर एवं बसपा के राजेन्द्र सोलंकी के बीच मुख्य मुकाबला देखने को मिल रहा है। वर्ष 2009 में बहुजन समाज पार्टी के सुरेन्द्र सिंह नागर ने डॉक्टर महेश शर्मा को हराकर चुनाव जीता था उसके बाद 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से डॉक्टर महेश शर्मा ने जीत दर्ज की थी। इस सीट पर भाजपा के डॉक्टर महेश शर्मा चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। आकाशवाणी समाचार के लिये गौतमबुद्धनगर से विशालधर दूबे।***

**********

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया है कि आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अब तक तीन सौ पन्द्रह दशमलव तीन सात करोड़ रुपये की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान कुल उन्तीस दशमलव छः तीन करोड़ रुपये नगद, इकतालीस दशमलव तीन सात करोड़ की शराब और दो सौ ग्यारह दशमलव दो एक करोड़ रूपये की ड्रग बरामद की गई।

**********

समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती का पर्चा लीक कराने के मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स, एसटीएफ ने कल लखनऊ के वृंदावन कॉलोनी के पास से चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में गिरोह के सरगना राजीव नयन का करीबी डॉक्टर शरद सिंह पटेल के साथ राजा बाजार निवासी जीडी मेमोरियल

पब्लिक स्कूल का प्रिंसिपल अभिषेक शुक्ला, प्रयागराज के झूसी निवासी कमलेश कुमार पाल और प्रयागराज के कैंट निवासी तथा विशप जानसन गर्ल्स कालेज का परीक्षा नियंत्रक अर्पित विनीत यशवंत शामिल है। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक डॉ. शरद सिंह पटेल मूल रूप से मिर्जापुर के चुनार का रहने वाला है। आरोपियों के पास से समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती दो हजार तेइस का एक प्रश्न पत्र, दो लाख रुपये, दो लक्जरी कर, नौ मोबाइल फोन और कई अहम दस्तावेज मिले हैं।

उधर चित्रकूट जिले की पुलिस ने सिपाही भर्ती परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले सॉल्वर के बाद गिरोह के सरगना, प्रयागराज निवासी दर्पण सरोज उर्फ डीपी को कल गिरफ्तार कर लिया है। चित्रकूट के अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि 17 फरवरी को जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में बने केंद्र पर सिपाही भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे प्रयागराज के अजय कुमार को पकड़ा गया था। उससे पूछताछ में दर्पण सरोज का नाम पता चला था। पुलिस तभी से उसे तलाश कर रही थी।

**********

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय आगामी एक मई को अपना सड़सठवां स्थापना दिवस समारोह मनायेगा। इस अवसर पर होने वाले आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ऑनलाइन जुड़ेंगी। विश्वविद्यालय की स्थापना दिवस पर परीक्षा पोर्टल का शुभारम्भ भी कुलाधिपति द्वारा किया जायेगा।

**********

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, नेट को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। इस फैसले के बाद चार साल की स्नातक डिग्री लेने वाले विद्यार्थी अब सीधे यूजीसी द्वारा आयोजित नेट परीक्षा दे सकते हैं और पीएचडी कर सकते हैं। इनमें ऐसे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकेंगे जोकि चार वर्षीय स्नातक कोर्स के अंतिम वर्ष में होंगे। यूजीसी के चेयरमैन एम जगदीश कुमार के अनुसार जूनियर रिसर्च फेलोशिप यानी जेआरएफ के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए विद्यार्थियों को चार साल के स्नातक कार्यक्रम में कम से कम 75 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड हासिल करने होंगे। यूजीसी के निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, गैर क्रीमी लेयर के अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य कुछ श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है। मौजूदा व्यवस्था में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा, नेट के लिए छात्रों को 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की जरूरत है। नए नियमों के तहत अब चार साल की स्नातक डिग्री वाले विद्यार्थी भी इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इस तरह के छात्रों को ऐसे किसी भी विषय में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी, जिसमें वे पीएचडी करना चाहते हैं। यूजीसी की तरफ से इसी वर्ष यह व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी।

**********

वाराणसी में संकट मोचन संगीत समारोह का एक सौ एकवां आयोजन आगामी सत्ताइस अप्रैल से दो मई तक होगा। देश और विदेश में ख्यातिलब्ध इस छः दिवसीय समारोह में चौवालीस प्रस्तुतियां होंगी। इसमें सौ से अधिक कलाकार हनुमत दरबार में हाजिरी लगायेंगे।

**********

मौसम विभाग ने आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा चलने, बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने का अनुमान लगाया है। इसके साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी आंधी की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये हीट वेव का अलर्ट भी जारी किया है।

**********